# N – BLOCK JAN KALYAN SAMITTEE (REGD.)

(REGD. NO. S-52667)

N-82, HARI NAGAR EXTN., JAITPUR, BADARPUR, NEW DELHI

Ref. No.................. Dated: 11/11/11

OFFICE OF UDM
Dy. No. 4022
Date 18/11/11

श्री कमलनाथ जी,
माननीय शहरी विकास मंत्री,
भारत सरकार,
निर्माण भवन, नई दिल्ली।

विषयः— मास्टर प्लान 2021 में दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा हरीनगर विस्तार ब्लाक एन 1639/803 को एफ जोन में डाले जाने का अनुरोध।

श्रीमानजी,

इस पत्र के द्वारा आपसे विनती करना चाहता हूँ कि हमारी रेजीडैन्टस वैलफेयर एसोसिएशन हरीनगर विस्तार ब्लाक एन 1639/803 का प्रतिनिध्तिव करती हैं। दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा दिल्ली मास्टर प्लान 2021 में हमारी कालोनी को ओ जोन में दर्शाया गया हैं, जो कि सरासर गलत है। हमारी कालोनी यमुना नदी से लगभग 7 किलोमीटर दूर है व दिल्ली सरकार की 1639 अनाधिकृत कालोनियों की सूची में 803 नम्बर पर सूचीबद्ध है व हम लोग यमुना फ्रन्ट पर नही आते। हमारे बाद बदरपुर विधानसभा क्षेत्र की कुछ और कालोनियां व हरियाणा के बसन्तपुर गांव, ईस्मायलपुर गांव व अगवानपुर गांव हैं व कुछ कालोनियाँ व सैक्टर एरिया भी आता है तब कहीं जाकर यमुना नदी बहती है, इसीलिये हम लोग ओ जोन के दायरे में नहीं आते हैं।

अतः आपसे हमारा विनम्र निवेदन है कि आप कृपया हमारी कालोनी को ओ जोन से निकालकर एफ जोन में डालने की कृपा करे। हम आपके सदैव आभारी रहेंगें।

PS to UDM 17/11

आपका आज्ञाकारी,
प्रधान
(जमादार ओझा)
प्रधान
N-ब्लॉक जन कल्याण समिति
हरी नगर विस्तार जैतपुर,
बदरपुर, नई दिल्ली-110044

Secretary UD

प्रतिलिपीः—
1— माननीय उपराज्यपाल, राजनिवास, दिल्ली
2— माननीय उपाध्यक्ष, दिल्ली विकास प्राधिकरण, नई दिल्ली।
3— माननीय निदेशक (योजना) एमपीआर दिल्ली विकास प्राधिकरण, नई दिल्ली।
4— माननीय आयुक्त, दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली।
5— माननीय मुख्य सचिव, शहरी विकास विभाग, दिल्ली सरकार
6— श्री रमेश कुमार माननीय सांसद दक्षिण दिल्ली।
7— श्री रामसिंह नेताजी, माननीय विधायक, बदरपुर, नई दिल्ली।